# झिटकू मिटकी आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
## जिला–कोण्डागांव (छ0ग0)

क्र./ /झिटकूमिट्की/एपीओ/2023–24 कोण्डागांव दिनांक 19/05/2023

### //विज्ञापन – इंटरव्यू एवं नियूक्ति//

छत्तीसगढ़ के हस्तशिल्पियों की कलाकृति को देश एवं विदेशों में विक्रय करने की पहल से गठित झिटकू मिटकी आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव एक हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी है। एपीओ के सहयोग से इस उत्पादक कंपनी द्वारा हस्तशिल्प कलाकृतियों का उत्पाद कोण्डागांव में किया जा रहा है पर विशेष परियोजना हेतु निम्नलिखित विवरण अनुसार निम्न पदों हेतु आवेदन आमंत्रित है :

| क्र | पद का नाम | एक मुस्त मासिक मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | मुख्य कार्यपालन अधिकारी | Rs. 35,000.00 –60,000.00*<br>(* चयन समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा) | **अनिवार्य न्यूनतम योग्यता – (स्नातक)**<br>01. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य, इंजीनियरिंग, विज्ञान, ग्रामीण विकास,समाज कार्य या विपणन प्रोद्योगिकी में स्नातक।<br>02. व्यवसाय विकास, बिक्री एवं विपणन, एफपीओ प्रबंधक खुदरा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित उद्योग में न्युनतम 02 वर्ष का अनुभव।<br>03. अंग्रेजी एवं हिन्दी (Word, Excel, PPT) टाईपिंग में दक्षता।<br><br>**वांछित योग्यता – (स्नातकोत्तर)**<br>01 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर MBA( Marketing, Finance, Operation, Supply Chain, Management, HR), MSW, MA(RD), विषय में उत्तीर्ण।<br><br>**विशेष योग्यता :**<br>Diploma in Business Management / Hard Metal Designing/ डिजाईनिंग या रचनात्मक कला से संबधित कोई भी विषय। |
| 02 | कम्प्युटर ऑपरेटर सह–सप्लाई चैन प्रबंधक | 10,000.00 | **अनिवार्य न्यूनतम योग्यता – (12 वी उत्तीर्ण )**<br>01. 12 वी उत्तीर्ण।<br>02. अंग्रजी एवं हिन्दी (Word, Excel, PPT) टाईपिंग में दक्षता।<br>03. वित्तीय प्रबंधकीय/कम्प्युटर ऑपरेटर सह लेखा के क्षेत्र में कम से कम 01 वर्ष का अनुभव।<br><br>**वांछित योग्यता – (स्नातक)**<br>01. किसी भी क्षेत्र में स्नातक/डिप्लोमा /आई.टी.आई।<br><br>**विशेष योग्यताः–**<br>कोपा/ NSQF या संबंधित कोई भी विषय प्रमाण पत्र। |

- उक्त विवरण कोण्डागांव जिले के अधिकारिक वेबसाइट www.kondagaon.gov.in > NOTICES > RECRUITMENT पर देखा जा सकता है।

इंटरव्यू दिशा – निर्देश :–

| क्र. | पदों का विवरण | इंटरव्यू की समय सारणी |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य कार्यपालन अधिकारी | दस्तावेज़ सत्यापन, दिनांक 07.06.2023<br>दोपहर 11.00 से 01.00 बजे तक |
| | | **इंटरव्यू**<br>दोपहर 02 बजे से |
| 2 | कम्प्युटर ऑपरेटर सह सप्लाई चैन प्रबंधक | दस्तावेज़ सत्यापन, दिनांक 07.06.2023<br>दोपहर 11.00 से 12.00 बजे तक |
| | | **इंटरव्यू**<br>दोपहर 02 बजे से |

नोट :–

**01.** अभ्यर्थी अपना आवेदन गूगल लिंक से ही प्रेषित करना सूनिश्चित करेंगे। https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdJba1pvfklfm2jc1KdNVdJvX9vXl4kJvGrdD2JLwAqolqRjA/viewform

**02. ऑफलाईन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जाऐंगे।**

03. अभ्यर्थी अपनी रजिस्ट्रेशन गुगल फार्म में दर्ज करके अपनी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे

**04. अभ्यर्थी अपनी Resume/CV के साथ मूल दस्तावेज लाना सुनिश्चित करेंगे।**

**नियम व शर्तें :–**

01. आवेदन केवल ऊपर दिये गए गूगल लिंक के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे दिनांक **19/05/2023 सुबह 9 बजे से 02/06/2023 के शाम 4.00** बजे तक। पूर्व एवं बाद में प्रस्तुत आवेदनों में विचार नही किया जावेगा।

02. आयु न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष। आयु की गणना 01 मई 2023 के आधार पर की जावेगी।

03. यह नियुक्ति 01 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात कार्य की गुणवत्ता बेहत्तर कार्य शैली एवं उत्कृष्ट व्यवहार होने पर दोनों पक्षों की सहमति ये कार्य अवधी एक निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।

04. कार्य अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का मानदेय जमा कर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

05. सेवा समाप्ति पश्चात कर्मचारी के रूप में दी गयी सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार का पेंशन या मृत्यु लाभ आदि पात्रता नही होगी।

06. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध कर कौशल परीक्षा लिया जावेगा। तद्उपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।

07. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेश क्रमांक दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम पदनाम संपर्क हेतु संबंधित का दुरभाष नंबर तथा ई–मेल की जानकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे अन्यथा इसके

अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा जिसके लिये आवेदक ही स्वयं जिम्मेदार होगा।

08. संबंधित पदों पर अनुभव शासकीय/गैर शासकीय संस्थाओं के मान्य होंगे।

09. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वाक इन इंटरव्यू स्थल पर उपस्थिति होवें। निर्धारित तिथि के समय पूर्व व पश्चात आवेदन स्वीकार्य नही किये जायेंगे।

10. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाए जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवार समाप्त की जावेगी। जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

11. चयन प्रकिया में शामिल होने हेतु अभ्यथियों को किसी प्रकार के भत्ते के भुगतान का प्रावधान नही है।

12. विज्ञापन से संबंधित विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट में अवलोकन एवं डाउनलोड किया सकता है।

13. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

14. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने का प्रयास करता है तो अभ्यर्थी की उम्मीद्वारी निरस्त की जा सकेगी।

15. Marking scheme is as follows:

अ) मुख्य कार्यपालन अधिकारी

ब) कम्प्युटर ऑपरेटर सह सप्लाई चैन प्रबंधक

| | 12 वी | स्नातक | स्नातकोत्तर | विशेष योग्यता | कार्यानुभव | इंटरव्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य कार्यपालन अधिकारी | - | 20% | 30% | 10 marks | 30% | 20% |
| कम्प्युटर ऑपरेटर सह सप्लाई चैन प्रबंधक | 20% | 30% | - | 10 marks | 30% | 20% |

16. पात्र उम्मीदवारों की सूची दिनांक 05-06-2023 जिले के अधिकारिक वेबसाइट www.kondagaon.gov.in > NOTICES > RECRUITMENT (online) **तथा** शिल्प नगरी के कार्यालय (offline) में जारी की जाएगी। केवल यही उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए पात्र होंगे।

17. **इंटरव्यू दिनांक 07-06-2023 को सुबह 11:00 बजे से; स्थान - शिल्प नागरी , चिकलपुटी , सी मार्ट के पास, जिला अस्पताल के पास , कोंडागाव।**

सी.ई.ओं. (अस्थाई)

झिटकू मिटकी आर्टीजन
प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

प्रतिलिपि :–

01. कलेक्टर जिला कोण्डगांव ।
02. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोण्डागांव को सादर सूचनार्थ।
03. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला कोण्डागांव को सूचनार्थ कर लेख है कि संलग्न [redacted] विज्ञापन वाकइन इंटरव्यू को जिले के वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करेंगे।

सी.ई.ओं. (अस्थाई)

झिटकू मिटकी आर्टीजन
प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

छत्तीसगढ़
रोजगार
समाचार